29	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	खेंदकला	–	–	–
30	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	कोटवा	–	–	–
31	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	कुम्भिकला	–	–	–
32	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	कुम्भिखुर्द	–	–	–
33	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	बिरवाडोहर	–	–	–
34	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	रन्नाग	–	–	–
35	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	कुरकुटा	–	–	–
36	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	लेबार	–	–	–
37	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	लोहबांडा	–	–	–
38	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	महुडांड	–	–	–
39	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	महूर	–	–	–
40	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	मलाग	–	–	–
41	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	मोहासिननगर	–	–	–
42	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	मुरूमदाग	–	–	–
43	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	मैया	–	–	–

44	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	नसोजमालपुर	—	—	—
45	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	पखा	—	—	—
46	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	प्रतापपुर	—	—	—
47	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	पथरा	—	—	—
48	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	पटिया	—	—	—
49	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	पिपरा	—	—	—
50	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	राजडेरिया	—	—	—
51	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	रोड	—	—	—
52	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	साढ़ी	—	—	—
53	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	सलैयाटिकर	—	—	—
54	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	सलिया	—	—	—
55	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	सीताचुंवा	—	—	—
56	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	सोलंगा	—	—	—
57	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	ताली	—	—	—
58	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	ठेखी	—	—	—

59	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	चुलबुला	—	—	—
60	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	छुछिया	—	—	—
61	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	अरर	—	—	—
62	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	बाघमारा	—	—	—
63	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	बनोधा	—	—	—
64	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	बड़ाखांड	—	—	—
65	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	बेलहरा	—	—	—
66	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	भारुही	—	—	—
67	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	मनिसरा	—	—	—
68	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	छुछिया	—	—	—
69	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	डालाकला	—	—	—
70	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	डालकला	—	—	—
71	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	देवनार	—	—	—
72	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	दुदूर	—	—	—
73	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	गीलावा	—	—	—

74	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	गोरहा	—	—	—
75	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	गुवादाग	—	—	—
76	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	हरिया	—	—	—
77	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	हरनी	—	—	—
78	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	जमारी	—	—	—
79	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	हाथीदाह	—	—	—
80	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	झरना	—	—	—
81	पलामू	डालटेनगंज(उ.)	हिरसाद	—	—	—

प्रस्तावित कोरिडोर कुटकु-सलवाही-नगरउटारी-कैमूर (उत्तर प्रदेश) में पड़ने वाले गाँव

क्र० सं०	गाँव का नाम	प्रखंड	जिला	क्षेत्र (एकड़)
1	सांगली	भंडरिया	गढवा	348.93
2	बरकोल (सरक्षित वन)	भंडरिया	गढ़वा	2551.35
3	नौका	भंडरिया	गढ़वा	717.67
4	बिदा	भंडरिया	गढवा	220.25
5	भंडरिया	भंडरिया	गढ़वा	169.36
6	तेवाली	भंडरिया	गढवा	654.32
7	जोन्दी खार	भंडरिया	गढवा	350.59
8	लिदकी	भंडरिया	गढ़वा	7.30
9	सिंजो	भंडरिया	गढवा	1376.23
10	रोदो	भंडरिया	गढवा	2417.66
11	मनजारी	भंडरिया	गढ़वा	2046.68
12	बिजका	भंडरिया	गढवा	1950.11
13	कोरवाडीह	भंडरिया	गढ़वा	205.34
14	पथ	भंडरिया	गढ़वा	738.68
15	चपालसी	भंडरिया	गढ़वा	1415.06
16	हरता	भंडरिया	गढवा	1288.60
17	बाघी	चैनपुर	पलामू	694.16
18	सेरका	चैनपुर	पलामू	743.70
19	बनालात	चैनपुर	पलामू	875.66
20	नवाडीह	चैनपुर	पलामू	61.97
21	चांडो / मायापुर	चैनपुर	पलामू	161.58
22	उलडंडा	चैनपुर	पलामू	1321.12
23	उल्मान	चैनपुर	पलामू	940.65
24	अडागाड़ा	चैनपुर	पलामू	834.16

25	मुसुरमु	चैनपुर	पलामू	299.95
26	चोरहाट	चैनपुर	पलामू	723.36
27	उतेर	चैनपुर	पलामू	27.95
28	कोकाडू	चैनपुर	पलामू	1005.92
29	मानके	चैनपुर	पलामू	487.02
30	चुनगा बारडीह	चैनपुर	पलामू	1737.22
31	बारडीह खुर्द	चैनपुर	पलामू	255.58
32	पीरहे	चैनपुर	पलामू	366.33
33	मरगडा	चैनपुर	पलामू	297.73
34	मुरु	चैनपुर	पलामू	1866.06
35	परसाखांड / बरवाखाड	चैनपुर	पलामू	258.95
36	महावत मुरिया सानी	चैनपुर	पलामू	18.62
37	विवाव थान	चैनपुर	पलामू	92.66
38	आदर	चैनपुर	पलामू	769.36
39	महावत मुरिया	चैनपुर	पलामू	254.55
40	कुई	चैनपुर	पलामू	192.65
41	डाटम	चैनपुर	पलामू	1450.55
42	सोकरा	चैनपुर	पलामू	293.19
43	बरीमन	चैनपुर	पलामू	288.14
44	अजलतुआ	चैनपुर	पलामू	195.62
45	झरहा	चैनपुर	पलामू	85.72
46	कुट्टी	चैनपुर	पलामू	532.00
47	नावा	चैनपुर	पलामू	1507.07
48	झालर	चैनपुर	पलामू	259.01
49	कुर्का	चैनपुर	पलामू	24.13
50	हमीनपुर	चैनपुर	पलामू	97.66
51	टेमराई	चैनपुर	पलामू	384.99
52	रानीताल	चैनपुर	पलामू	57.22

53	करमा	चैनपुर	पलामू	1474.03
54	गोरे	चैनपुर	पलामू	338.04
55	हिसरा	चैनपुर	पलामू	493.33
56	सेमरा	चैनपुर	पलामू	2048.67
57	खुराखुर्द	चैनपुर	पलामू	44.78
58	खाम्भी	चैनपुर	पलामू	369.70
59	सलतुआ	चैनपुर	पलामू	3807.21
60	बरका	चैनपुर	पलामू	143.14
61	चौपरिया	चैनपुर	पलामू	143.79
62	पचलेवा	चैनपुर	पलामू	1340.37
63	किलहर	चैनपुर	पलामू	776.73
64	कुमनी	चैनपुर	पलामू	44.85
65	खुरा कला	चैनपुर	पलामू	1118.35
66	डोकी	चैनपुर	पलामू	339.64
67	छतवा	चैनपुर	पलामू	2347.64
68	बानुटीकर	गढ़वा	गढ़वा	109.00
69	कारसो	चैनपुर	पलामू	946.44
70	तेन्दूडीह	रंका	गढ़वा	1200.41
71	तुलबुला	गढ़वा	गढ़वा	258.88
72	अरछु खाप / तेतरडीह	रंका	गढ़वा	689.05
73	मदुआ	गढ़वा	गढ़वा	34.47
74	खरडीहा	रंका	गढ़वा	724.49
75	सेरासम	रंका	गढ़वा	1768.87
76	सिन्जो	रंका	गढ़वा	853.14
77	गड्हौता / गुरगुरखोरी अली	रंका	गढ़वा	865.25
78	टाले / डाले	रंका	गढ़वा	172.59
79	लुकुम्बा / लुकुम्बर	रंका	गढ़वा	1307.35
80	भवरहा	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	150.7
81	सिक सिगाकला	रंका	गढ़वा	1004.05

82	गायबटवा	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	465.27
83	कतरी	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	0.22
84	बागेश्वर	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	942.29
85	जमुआ	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	297.72
86	चपला / चोफलो	रंका	गढ़वा	618.15
87	टेटका खुर्द	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	1696.66
88	टेटका कला	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	14.54
89	टरी	रंका	गढ़वा	911.53
90	बहेरवा	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	421.36
91	बानाजंग	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	4.10
92	टोरी कला	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	182.59
93	कपराट	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	12.07
94	सिकरिया	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	191.36
95	लोरा	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	372.20
96	चकरी	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	1111.57
97	सोसी	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	126.54
98	तहला	रंका	गढ़वा	776.86
99	बेलरी / चिनिया	रंका	गढ़वा	1494.88
100	चिटका / चिरका	रंका	गढ़वा	1582.52
101	हेदरकला	रंका	गढ़वा	3519.73
102	हेदरखुर्द	रंका	गढ़वा	309.07
103	नवाडीह	मेराल(पिपरा कला)	गढ़वा	146.30
104	पलहे	रंका	गढ़वा	320.73
105	सिरोईकला	रंका	गढ़वा	262.85
106	नवाडीह	रंका	गढ़वा	2443.22
107	पुरेगड़ा	रंका	गढ़वा	573.33
108	गंगूडीह	रंका	गढ़वा	491.19
109	जुन	रंका	गढ़वा	747.16
110	सलवाही	रंका	गढ़वा	356.78

111	पारगवाल	रंका	गढ़वा	333.78
112	नवाडीह	रंका	गढ़वा	171.63
113	परसुखाड	रंका	गढ़वा	1157.77
114	सिकट	रंका	गढ़वा	87.63
115	नगरी	रंका	गढ़वा	468.24
116	बडाडीह	रंका	गढ़वा	294.78
117	नागसीली	रंका	गढ़वा	717.60
118	रतनपुरा / रामपुरा	रंका	गढ़वा	621.02
119	करमा / खुरी	रंका	गढ़वा	2691.15
120	मसरी / मसरा	रंका	गढ़वा	2109.60
121	धपकली / धमकली	रंका	गढ़वा	2994.05
122	कोड़वा / लिखुदौरा	धुरकी	गढ़वा	2328.48
123	माचीपानी	धुरकी	गढ़वा	2272.62
124	बारहनोती	धुरकी	गढ़वा	1373.77
125	मुरहपुर / पचफेरी	धुरकी	गढ़वा	239.78
126	अम्बाखोरईया	धुरकी	गढ़वा	697.03
127	लिबरा / पारस पानीकला	धुरकी	गढ़वा	788.82
128	बलियारी / सिउरी	धुरकी	गढ़वा	1196.85
129	खाला	धुरकी	गढ़वा	252.53
130	सामो / सुरु	धुरकी	गढ़वा	138.16
131	भुइनफोर	धुरकी	गढ़वा	2619.32
132	दूद्धी / पारस पानीखुर्द	धुरकी	गढ़वा	228.64
			कुल क्षेत्रफल (एकड़)	105009.37

प्रस्तावित कोरिडोर सांगली- सलवाही- नगरउटारी- कैमूर (उत्तरप्रदेश) में पड़ने वाले जंगल डिवीजन - गढ़वा

क्र० सं०	जिला	प्रखंड	गाँव	थाना	जंगल का प्रकार
1	गढ़वा	बंदरिया	सांगली	भंडारिया	संरक्षित वन
2	गढ़वा	चुरकी	मुरहपुर	नगर उटारी, गढ़वा	संरक्षित वन
3	गढ़वा	गढ़वा	घुलबुला	गढ़वा	संरक्षित वन
4	गढ़वा	गढ़वा	बानुटीकर	गढ़वा	संरक्षित वन
5	गढ़वा	गढ़वा	भदुआ	गढ़वा	संरक्षित वन
6	गढ़वा	गढ़वा	बानुटीकर	गढ़वा	संरक्षित वन
7	गढ़वा	मेराल(पिपरा कला)	लोरा	गढ़वा	संरक्षित वन
8	गढ़वा	मेराल(पिपरा कला)	गायघटवा	गढ़वा	संरक्षित वन
9	गढ़वा	मेराल(पिपरा कला)	रौती	गढ़वा	संरक्षित वन
10	गढ़वा	मेराल(पिपरा कला)	धनाजंग	गढ़वा	संरक्षित वन
11	गढ़वा	मेराल(पिपरा कला)	टेटका कला	गढ़वा	संरक्षित वन
12	गढ़वा	मेराल(पिपरा कला)	चकरी	गढ़वा	संरक्षित वन
13	गढ़वा	मेराल(पिपरा कला)	भनराहा	गढ़वा	संरक्षित वन

Village and forests data and attributes are based on information provided by GIS Cell, Forest Dept., Ranchi.

निष्कर्ष

झारखण्ड के वन,पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा चलाये वन्य–जीव संरक्षण अभियान के उपरोक्त प्लान को गौर किया जाय तो स्पष्ट है कि यह जनता विरोधी प्लान है जहाँ लाखों लोगों के जीवन के साथ उनको बेघर करके, खिलवाड़ किया जा रहा है। वन–प्राणी की संरक्षण के नाम पर धूर्तता पूर्वक संसाधन हथियाने का सरकारी मिजाज बड़ी दूर की योजना प्रतीत होता है। निराशाजनक बात यह है कि किसी लोकतान्त्रिक देश में गरीब और पिछड़े तबके के लोगों की ऐसी स्थिति है जहाँ उन्हें अपने ही जमीन पर हक से जीने का अधिकार नहीं है। उन्हें पक्षपात, अन्याय और लूट का सामना करना पड़ रहा है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि इस विशाल परियोजना में गुमला–पलामू क्षेत्र जिसे पलामू टाईगर रिजर्व का क्षेत्र के रूप में श्रेणीबद्ध कर दिया गया है, पांचवी अनुसुची क्षेत्र होने का उल्लेख कहीं भी नहीं है। ना ही ग्राम सभा का इस प्रक्रिया में कोई भूमिका सुनिश्चित किया गया है। अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 का भी बस नाम भर उल्लेख है, वहीं छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की कोई मीमांसा तक नहीं है। 423 पृष्ठों में विस्तारित ये व्याघ्र संरक्षण परियोजना के, पहले दौर में कोर क्षेत्र को 'बेहद निजी' बनाने के लिए 8 गांव हटाने का कड़ा प्रस्ताव/आदेश देता है। यदि हम दूसरे टाइगर रिजर्वों (पन्ना टाइगर रिजर्व, पेंच टाइगर रिजर्व आदि) के अनुभव को देखें तो पाएंगे कि ये कोर क्षेत्र साल दर साल बढ़ाते जाते हैं और बफर एरिया से भी गांव विस्थापित करने के प्रारुप ले आते हैं। कोर एरिया में शामिल ये 8 गाँव इससे पहले बफर एरिया में आते थे। पलामू टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में 191 गांव आते है। कंजर्वेशन के नाम पर जमीन हड़पने की इस योजना

में भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुर्नस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 और झारखण्ड पुर्नस्थापना और पुनर्वास नीति 2008 का भी कहीं कोई उल्लेख नहीं है।

इस पूरे प्लान में जंगलों में बसे लोग को वन प्राणियों के दुश्मन के रूप में चित्रित किया गया है, वन पर उनकी निर्भरता को वन–प्राणी रक्षा अभियान के मार्ग में बाधा समझा जा रहा है, जो बिल्कुल बेबुनियाद है। आदिवासियों के सम्पूर्ण जीवन शैली कभी प्राकृतिक विरोधी नहीं रहा है और न होगा। उनका पूरा इतिहास ही प्रकृति संग समन्वयता की कहानी है। लोगों को विस्थापित करके प्रकृति के साथ इस प्रगाढ़ संबध को तोड़ना उनके साथ अन्याय करना है।

इस पूरे दस्तावेज में वन अधिकार, मान्यता कानून, 2006 के तहत लोगों के संसाधनों के अधिकारों को लेकर कोई जिम्मेदारी प्रदर्शित नहीं की गयी है। इसके अलावा वनाधिकार के दावे प्रक्रिया पूरी होने की स्थिति में ही विस्थापन की प्रक्रिया शुरू होगी, इसका भी कहीं जिक्र नहीं है। बफर या कोर जोन से संभावित विस्थापित परिवारों के उचित पुनर्वास व पुर्नस्थापन को लेकर स्पष्टता नहीं है।

सरकार की विनाशकारी परियोजनाओं को लेकर जब भी आंदोलन शुरू होता है सरकार द्वारा सीधे तौर पर परियोजना को नाकारने का सिलसीला शुरू हो जाता है। वाइल्ड लाइफ कोरीडोर के संदर्भ में भी सरकार का पक्ष रखते हुए विभाग के अधिकारी कोरीडोर प्रस्ताव को एक ओर जहाँ नकार रहे हैं वहीं दूसरे ओर यह कहते फिर रहे हैं कि कोरीडोर से किसी को विस्थापित नहीं किया जाएगा। यदि सचमुच वाइल्ड लाइफ कोरीडोर से किसी को विस्थापित नहीं किया जाएगा तो हम उसका स्वागत करते हैं। परन्तु सरकार से हमारी सीधी मांग है कि कोरीडोर के नाम से जिन जमीन को चिह्नित कर सरकार अपने दस्तावेज में दिखा रही है। उसका खाता नम्बर एवं प्लॉट नम्बर के साथ सर्वाजनिक करे ताकि गाँव के लोगों को मालूम हो कि उनके गाँव जमीन की कौन सी जमीन इस परियोजना के लिए चिह्नित की गई है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री नन्द कुमार साय की अध्यक्षता में 2 जनवरी 2018 को लोकनायक भवन दिल्ली में आयोजित हुई मीटिंग के मिनिट्स-

(यह मीटिंग दिनांक 12.04.2017 को द मिंट में 'क्रिटिकल टाइगर रिजर्व में आदिवासियों को जंगल के हक नहीं' शीर्षक से प्रकाशित एक खबर के आलोक में अध्यक्ष द्वारा संज्ञान लिए जाने की वजह से आयोजित की गयी)

इस मीटिंग में मुख्य रूप निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा हुई व निर्देश दिए गए–

1. प्रतिपूरक वनीकरण प्रबंधन प्राधिकरण कानून (Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority bill) द्वारा प्रतिपूरक वनीकरण कोष का इस्तेमाल क्रिटिकल वन्य जीव क्षेत्रों व क्रिटिकल टाइगर हैबिटैटस से अपनी मर्जी से विस्थापित होने वाले आदिवासियों के पुनर्वास व पुर्नस्थापन में किये जाने के संबंध में पहले भी मीटिंग्स हीन हैं जिनमें इन विभागों के सक्षम अधिकारी भी रहे हैं. आज इसी मुद्दे पर पुनः चर्चा हुई और निम्नलिखित निर्देश दिए गए–

(अ) अपनी इच्छा से विस्थापित होने वाले परिवारों को क्षतिपूर्ति (मुआवजा) 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये प्रति परिवार किया जाए. इसमें CAMPA के तहत मौजूद धन राशि का उपयोग किया जा सकता है.

(ब) टाइगर रिजर्व या अन्य संरक्षित क्षेत्रों से विस्थापित होने वाले परिवारों को जमीन के बदले जमीन अधिकतम 4 हेक्टेयर तक क्षतिपूर्ति पैकेज में शामिल है. यदि उसी गुणवत्ता व प्रकृति की जमीन उपलब्ध नहीं हो पाती तब वास्तविक स्वामित्व से दुगुनी या 8 हेक्टेयर तक जमीन मुहैया कराई जायेगी.

(स) नकदी मुआवजे या पुर्नस्थापना पुनर्वास की सारी कार्यवाही तीन साल के अन्दर पूरी कर लीं जायेंगीं ऐसा नहीं होने की स्थिति में ऐसे परिवारों को तत्काल वन अधिकार दिए जायेंगे.

(द) किसी भी आदिवासी को तब तक इन क्षेत्रों से विस्थापित नहीं किया जाएगा जब तक कि उन्हें वैकल्पिक जमीन मुहैया नहीं की जाती।

3. माननीय अध्यक्ष ने एक पत्र (दिनांक 24.10.2017) के माध्यम से वन एवं पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मंत्री जी से यह निवेदन किया था कि CAMPA फंड्स का इस्तेमाल क्रिटिकल टाइगर हैबिटैट व क्रिटिकल वन्य जीव क्षेत्रों से स्वेच्छा से विस्थापित होने वाले परिवारों के पुनर्वास व पुर्नस्थापन के लिए बढ़े हुए मुआवजे के साथ किया जाए.

4. ओड़ीसा सरकार ने जो कन्वर्जेन्स (कई योजनाओं को मिलाकर) तरीका अपनाया है वह बहुत प्रभावशाली है इसे अन्य राज्यों को भी स्वैच्छिक विस्थापन के मामलों में अपनाना है.

5. CAMPA फंड्स का इस्तेमाल टाइगर रिजर्व्स से स्वैच्छिक विस्थापन के लिए किया जाना चाहिए.

6. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (National Tiger Conservation Authority) द्वारा गठित की गयी समिति उपरोक्त सुझावों के क्रियान्वयन के बारे में अपनी रिपोर्ट आयोग को देगी.

7. एक भी आदिवासी को टाइगर रिजर्व्स से बिना उसकी स्पष्ट सहमति व सम्पूर्ण मुआवजा पैकेज दिए बेदखल नहीं किया जा सकता।

व्याघ्र परियोजना के विस्तारीकरण एवं वाइल्ड लाइफ कोरीडोर के खिलाफ आंदोलन -

केन्द्रीय जन संघर्ष समिति की स्थापना 1992 को पायलट प्रोजेक्ट नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज से 245 गाँव के विस्थापन के खिलाफ की गई। जन संघर्ष समिति पिछले 26 सालों से उक्त परियोजना को रद्द करने की दिशा में आंदोलित है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के साथ ही साथ टूडरमा डैम से विस्थापन, की लड़ाई भी इस आंदोलन का प्रमूख मूद्दा रहा है।

अपने आंदोलन के बल पर जन संघर्ष समिति ने 1964 से 1994 तक लगातार सेना द्वारा की जा रही गोलाबारी एवं तोपाभ्यास को 1994 से रोके रखा है। समिति के रूटीन बैठकों में प्रभावित क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू होते हुए उनके निदान के लिए लोगों के संघर्ष का साथी बना है। जन संघर्ष समिति ने अपने मार्गनिर्देशिका में प्रभावित क्षेत्र की समस्याओं, मानवाधिकार की रक्षा का संकल्प लिया है। समिति के लम्बे संघर्ष के बाद भी सरकार ने फायरिंग रेंज से उठे विस्थापन के सवाल पर गंभीर नहीं रही बल्कि समय समय पर अवधि का विस्तार करते हुए प्रभावित क्षेत्र की समस्यों एवं उनकी जन भावना का अनादर किया है। जिसके खिलाफ आज भी क्षेत्र की जनता आंदोलित है। किसी भी कीमत पर फायरिंग रेंज नहीं बनने देने व इससे होने वाले विस्थापन के खिलाफ आंदोलित है।

पलामू व्याघ्र परियोजना के विस्तारीकरण की बात अखबारों के माध्यम से प्रकाश में आने के बाद समिति के लिए यह चिंता का विषय होना स्वाभाविक हुआ। जिसमें कोर एरिया के विस्तारीकरण को लेकर व्याघ्र संरक्षण प्लान के तहत बफर एरिया के आठ गांव को कोर एरिया में शामिल कर गांव को खाली करने से संबंधित सहमति व असहमति से संबंधित पत्र 'बन प्रमंडल पदाधिकारी, बफर एरिया, व्याघ्र परियोजना डालटनगंज, पलामू के द्वारा गारू प्रखंड के कुजरूम, लादू, बिजयपुर, पंडरा, गोप खाड़, गुटवा,कारीहेनार एवं बरवाडीह प्रखंड के रमनदाग गाँवों के इको विकास समिति के अध्यक्ष को ज्ञापांक संख्या 667, दिनांक 29/05/2017 को प्रेषित की गई।

जुलाई 2017 को केन्द्रीय समिति की बैठक में व्याघ्र परियोजना से प्रभावित विजयपुर, पंडरा, गुटवा के लोगों ने समिति की बैठक में उपस्थित होकर इस विस्थापन से निजात दिलाने व आंदोलन को सफल बनाने के लिए समिति का प्रस्ताव रखा। आप को बताते चलें कि नेतरहाट पठार में होने वाले सेना के फायरिंग से बिजयपुर एवं पंडरा गांव पहले से ही प्रभवित रहा है। सेना जब नेतरहाट के उत्तर दिशा में फायरिंग करती तो ये दोनों गाँव सेना के टारगेट में होते थे। जिसके कारण इन्हें भी सेना के गोला बारी एवं तोपाभ्यस के दौरान अपना गांव खाली कर सुरक्षित स्थानों में जाना पड़ता था। इस वजह से ये लोग भी नेतरहाट आंदोलन से पहले से ही जुड़े हुए थे। समिति के पास प्रस्ताव रखते हुए इन्होंने साफ कहा कि फायरिंग के आंदोलन में हमारी भागीदारी रही है। आज हमारे विस्थापन की बात है तो इस विस्थापन के खिलाफ लड़ाई में आपका साथ व सहयोग हमारा हक है। केन्द्रीय समिति ने न केवल आंदोलन को समर्थन की बात स्वीकार की बल्कि उसने इस आंदोलन का नेतृत्व करने की बात भी की। जिसके बाद आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए 9 जुलाई को प्रभावित 8 गाँव के लोगों के साथ आम सभा कर आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया गया।

व्याघ्र परियोजना के विस्तारीकरण से होने वाले विस्थापन के खिलाफ इसे आंदोलन को समर्थन देने के लिए आदिवासी मूलवासी अस्तित्व रक्षा मंच एवं झारखंड में विस्थापन विरोधी आंदोलन का सशक्त चेहरा श्रीमती दायामनी बारला, आदिवासी रक्षा मंच के प्रफूल लिंडा, स्वतंत्र पत्रकार एवं समाजिक कार्यकर्ता सुनील मिंज, एवं केन्द्रीय समिति के सदस्य सामने आये।

'वन प्रमंडल पदाधिकारी, बफर एरिया, व्याघ्र परियोजना डालटनगंज, पलामू के द्वारा गारू प्रखंड के कुजरूम, लाटू, बिजयपुर, पंडरा, गोप खाड़, गुटवा,कारीहेनार एवं बरवाडीह प्रखंड के रमनदाग गाँवों के इको विकास समिति के अध्यक्ष को ज्ञापांक संख्या 667, दिनांक 29/05/2017 को प्रेषित पत्र के विरोध में गारू प्रखंड, लातेहार जिले के क्रमशः विजयपुर, पंडरा, गोपखाड़, गुटवा, कारीहेनार, एवं बरवाडीह प्रखंड के रमनदाग गांव के वासिंदों ने अपने असहमति

से संबंधित पत्र संबंधित पदाधिकारियों को केन्दीय जन संघर्ष समिति के नेतृत्व में दिनांक 10 अगस्त 2017 को जुलूस कर वन पदाधिकारी गारू, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गारू को को दी गई। 'वन प्रमंडल पदाधिकारी, बफर एरिया, व्याघ्र परियोजना डालटनगंज, पलामू को भी संबंधित पत्र डाक के द्वारा प्रेषित की गई।

इसी बीच अखबारों के माध्यम से व्याघ्र संरक्षण प्लान के तहत पलामू व्याघ्र परियोजना के विस्तारी करण एवं वाइल्ड लाइफ कोरीडोर से संबंधित खबरें अखबारों के माध्यम से आम जनता के बीच आग की तरह फैल गई। सी.पी.आई. (एम) की नेता एवं पूर्व राज्य सभा सांसद श्रीमती वृंदाकरात, सी.पी.एम. के झारखंड राज्य सचिव श्री पी.के बक्सी, भी आंदोलन के समर्थन में लोगों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

केन्द्रीय जन संघर्ष समिति के अह्वान पर दिनांक 23 नवंबर 2017 को पलामू व्याघ्र परियोजना के विस्तारीकरण, वाइल्ड लाइफ कोरीडोर नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज रद्द करने एवं अन्य मांगों के संबंध में प्रखंड स्तरीय जूलूस एवं सभा का आयोजन किया गया। जिसके तहत गारू, लातेहार जिला, बिशूनपुर, डूमरी, रायडीह, गुमला, गुमला जिला में प्रर्दशन किया गया जिसमें हजारों की सख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति देते हुए जल, जंगल, जमीन व अपनी अस्तित्व की रक्षा के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज की।

11 दिसम्बर 2017 को केन्द्रीय समिति के अह्वान पर वयाघ्र परियोजना एवं वाइल्ड लाइफ कोरीडोर के विरोध में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड विकास मोरचा के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मूख्य मंत्री श्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री, श्री बंधू तिर्की, कॉग्रेस के श्री सूखदेव भगत, समाजिक कार्यकर्त्ता ग्लैडसन डूंगडूंग, मानवाधिकार कार्यकर्त्ता फा. स्टेन स्वामी ने अपना समर्थन दिया।

आज के समय में वाइल्ड लाइफ कोरीडोर के रास्ते जिधर–जिधर गुजर रहे हैं सभी ओर गोल बंध होकर अपने जल जंगल जमीन व अपने अरितात्व की रक्षा के लिए आदोलित हैं।

सरकार का पक्ष रखते हुए पी.सी.सी.एफ., एल. आर. सिंह कह रहे हैं कि कोरी डोर के नाम पर किसी को भी विस्थपित नहीं किया

जाएगा। (23 नवंबर 2017, प्रभात खबर) अगर सरकार का ये मंशा सच है। तो हम इसका स्वागत करते हैं। परन्तु कोरीडोर के नाम पर जो जमीन चिह्नित की गई है। सरकार उसे खाता नम्बर एवं प्लॉट नम्बर के साथ सार्वजनिक करे। क्योंकि प्रस्ताव में गाँव की जिन जमीनों को चिह्नित किया गया है उसे देख कर जनता स्पष्ट हो सके कि उसकी रैयती जमीन इन चिह्नित जमीनों में से नहीं है। अन्यतः शंशय की स्थिति में विस्थापन की भयावह बनी रहेगी। कोर एरिया के विस्तारीकरण एवं वन्य–जीव कोरीडोर को लेकर क्षेत्र में आंदोलन जोरों पर है। गाँव के लोग किसी भी कीमत में जमीन छोड़ना नहीं चाहते।

झारखंड में हाथियों की सुरक्षा के लिए बनेगा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर

214

03

कुमंडीह-पतकी-लावालौंग कॉरिडोर में 47 गांवों पर संकट

खास बातें

गढ़वा

तीसरे वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर में प्रमंडल के 132

झारखंड से बाघ छत्तीसगढ़ आते हैं, तो क्या वहां दूसरे राज्यों से भी आते हैं ?

वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर के खिलाफ रैली 23 को

...आंदोलन समिति ... के आह्वान पर वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर के खिलाफ 23 नवंबर को रैली और आमसभा का आयोजन किया गया है। ... लाइफ कॉरिडोर के निर्माण के तहत लातेहार, गुमला, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम के 214 गांवों को चिह्नित किया गया है। ... गांवों को खाली कराने के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। ...

... वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर योजना के विरोध में ग्रामसभा

जान देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे

वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर की कोई योजना नहीं

रांची। पीसीसीएफ वन्य प्राणी [illegible] सिंह ने कहा है कि फिलहाल [illegible] किसी जिले में एक भी वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बनाने की कोई योजना नहीं है। [illegible] को चिह्नित नहीं किया गया है। केंद्रीय जन संघर्ष समिति लातेहार द्वारा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बनाने को लेकर आंदोलन की घोषणा के बाद श्री सिंह ने कहा कि वन विभाग के पास इस तरह का कोई प्रस्ताव न [illegible] है और न ही लंबित है। जिन संस्था को इन मुद्दों को लेकर कोई संशय है [illegible] विभागीय अधिकारियों से स्थिति समझ सकते हैं। [illegible] किसी गांव को खाली करने का कोई नोटिस नहीं दिया गया है।

पलामू में बाघों के लिए सरिस्का मॉडल अपनाएं

रांची | हिन्दुस्तान ब्यूरो

पलामू बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए राजस्थान स्थित सरिस्का बाघ अभयारण्य की तरह आबादी को नए स्थानों पर बसाना होगा। यह सुझाव राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की तीन सदस्यीय टीम के विशेषज्ञ अध्यक्ष आरएन मल्होत्रा ने दिया है।

यह टीम पलामू बाघ अभयारण्य (पीटीआर) के प्रबंधन प्रभाव का मूल्यांकन कर दिल्ली लौटी है। मल्होत्रा ने बताया कि पीटीआर में कुछ स्थानों पर आबादी है। इससे वन्यजीवों का प्राकृतिक वास प्रभावित होता है। इस बारे में वन विभाग को गंभीरता से काम करना होगा। नहीं तो बाघों की संख्या में इजाफा मुश्किल होगा। दूसरे सुझाव के तौर पर उन्होंने राज्य में [illegible] वन रक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। टीम ने लोगों को जागरूक करने का भी सुझाव दिया है। ताकि वे प्रकृति और वन्य जीवों से प्यार करें। हालांकि वन विभाग को पिछली बार से बेहतर रैंकिंग की उम्मीद है। चार साल में एक बार देशभर के बाघ अभयारण्यों की रैंकिंग की जाती है। पिछली बार पीटीआर 35वें पायदान पर था। इस बार 16 या 17 वीं रैंक की उम्मीद है। एनटीसीए के मूल्यांकन के आधार पर अभयारण्य व राष्ट्रीय पार्कों की रैंकिंग तय होती है। नई रैंकिंग अगले वर्ष जारी होगी। टीम को पीटीआर का प्रबंधन पहले से बेहतर लगा है।

सिरसी-पालकोट-सारंडा परियोजना से 214 गांवों के लाखों लोग होंगे विस्थापित

वाइल्ड लाइफ कॉरीडोर के खिलाफ हल्ला बोल

वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर के विरोध में प्रदर्शन

अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवास (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006

अध्याय–1
प्रारंभिक

संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवास (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 है.

(2) इसका विस्तार जम्मू–कश्मीर राज्य के सिवाय संपूर्ण भारत पर है.

(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो केंद्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करें.

परिभाषाएँ 2. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:–

(क) "सामुदायिक वन संसाधन" से ग्राम की परंपरागत या रूढ़िगत सीमाओं के भीतर रूढ़िगत सामान्य वनभूमि या चरागाही समुदायों की दशा में भू–परिदृश्य का मौसमी उपयोग अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत आरक्षित वन, संरक्षित वन और संरक्षित ऐसे क्षेत्रों की भूमि है जैसे अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान जिन पर समुदायों की परंपरागत पहुंच थी,

(ख) "संकटपूर्ण वन्य जीवन आवास" से राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों के ऐसे क्षेत्र अभिप्रेत हैं, जहां वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर, मामलेवार, विनिर्दिष्ट रूप से और स्पष्ट रूप से यह स्थापित किया गया

है कि ऐसे क्षेत्र वन्य जीव संरक्षण के प्रयोजनों के लिए अनतिक्रांत रखे जाने के लिए अपेक्षित है जैसा कि केंद्रीय सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा एक ऐसी विशेषज्ञ समिति से परामर्श की खुली प्रक्रिया के पश्चात अवधारित और अधिसूचित की जाए, जिसमें उस सरकार द्वारा नियुक्त उस परिक्षेत्र से विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे जिसमें धारा 4 की उपधारा (1) और उपधारा (2) से उद्भूत प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं के अनुसार ऐसे क्षेत्रों का अवधारण करने में जनजातीय मंत्रालय का एक प्रतिनिधि भी सम्मिलित होगा,

(ग) "वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजाति" से अनुसूचित जनजातियों के ऐसे सदस्य या समुदाय अभिप्रेत हैं, जो प्राथमिक रूप से वनों में निवास करते हैं और जीविका की वास्तविक आवश्यकताओं के लिए वनों या वन भूमि पर निर्भर हैं और इसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति चरागाही समुदाय भी है,

(घ) "वन भूमि" से किसी वन क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाली किसी प्रकार की भूमि अभिप्रेत है और उसके अंतर्गत अवर्गीकृत वन, असीमांकित विद्यमान वन या समझे गए वन, संरक्षित वन, आरक्षित वन, अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान भी हैं,

(ङ) "वन अधिकारों" से धारा 3 में निर्दिष्ट वन अधिकार अभिप्रेत है,

(च) "वन ग्राम" से ऐसी बस्तियां अभिप्रेत हैं, जो किसी राज्य सरकार के वन विभाग द्वारा वन संबंधी संक्रियाओं के लिए वनों के भीतर स्थापित की गई है या जो वन आरक्षण प्रक्रिया के माध्यम से वन ग्रामों में संपरिवर्तित की गई हैं और जिनके अंतर्गत वन बस्ती ग्राम, नियत मांग धृति, ऐसे ग्रामों के लिए सभी प्रकार की वनकृषि बस्तियां भी है, चाहे वे किसी भी नाम से ज्ञात हों और इसके अंतर्गत सरकार द्वारा अनुज्ञात कृषि तथा अन्य उपयोगों के लिए भूमि भी है,

(छ) "ग्राम सभा" से ऐसी ग्राम सभा अभिप्रेत है, जो ग्राम के सभी वयस्क सदस्यों से मिल कर बनेगी और ऐसे राज्यों की दशा में, जिनमें कोई ग्राम पंचायत नहीं है, पाड़ा, टोला और ऐसी अन्य परंपरागत ग्राम संस्थाएं और निर्वाचित ग्राम समितियां भी है जिनमें महिलाओं की पूर्ण और अनिबंधित भागीदारी है,

(ज) "आवास" के अंतर्गत ऐसा क्षेत्र भी है जिसमें आदिम जनजाति समूहों और कृषि पूर्व समुदायों और अन्य वन निवासी अनुसूचित जनजातियों के आरक्षित वनों और संरक्षित वनों में परंपरागत आवास और ऐसे अन्य आवास सम्मिलित हैं,

(झ) "गौण वन उत्पाद" के अंतर्गत पादप मूल के सभी गैर-इमारती वनोत्पाद हैं, जिनमें बांस, झाड़-झंखाड़, ठूंठ, बेंत, तुसार, कोया, शहद, मोम, लाख, तेंदू या केंदू पत्ते, औषधीय पौधे और जड़ी-

बूटियां, मूल, कंद और इसी प्रकार के उत्पाद सम्मिलित हैं,

(ञ) "नोडल अभिकरण" से धारा 11 में विनिर्दिष्ट नोडल अभिकरण अभिप्रेत है,

(ट) "अधिसूचना" से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है,

(ठ) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है,

(ड) "अनुसूचित क्षेत्र" से संविधान के अनुच्छेद 244 के खंड (1) में निर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्र अभिप्रेत है,

2003 का 18 (ढ) "सतत उपयोग" का वही अर्थ होगा, जो जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 2 के खंड (ण) में है,

(ण) "अन्य परंपरागत वन निवासी" से ऐसा कोई सदस्य या समुदाय अभिप्रेत है, जो 13 दिसंबर, 2005 से पूर्व कम से कम तीन पीढ़ियों तक प्राथमिक रूप से वन या वनभूमि में निवास करता रहा है और जो जीविका की वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उन पर निर्भर है.

स्पष्टीकरण–इस खंड के प्रयोजन के लिए "पीढ़ी" से पच्चीस वर्ष की अवधि अभिप्रेत है,

1996 का 40 (त) "ग्राम" से निम्नलिखित अभिप्रेत है–

(i) पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों

पर विस्तार) अधिनियम, 1996 की धारा 4 के खंड (ख) में निर्दिष्ट कोई ग्राम, या

(ii) अनुसूचित क्षेत्रों से भिन्न पंचायतों से संबंधित किसी राज्य विधि में ग्राम के रूप में निर्दिष्ट कोई क्षेत्र, या

(iii) वन ग्राम पुरातन निवासी या बस्तियां और असर्वेक्षित ग्राम, चाहे वे ग्राम के रूप में अधिसूचित हों या नहीं, या

(iv) उन राज्यों की दशा में, जहां पंचायतें नहीं हैं, पारंपरिक ग्राम, चाहे वे किसी भी नाम से ज्ञात हों.

1972 का 53 (थ) "वन्य पशु" से वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची 1 से 4 में विनिर्दिष्ट पशु की ऐसी प्रजातियां अभिप्रेत हैं, जो प्रकृति में वन्य के रूप में पाई जाती हैं.

अध्याय-2

वन अधिकार

3. (1) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के सभी वनभूमि पर निम्नलिखित वन अधिकार होंगे, जो व्यक्तिगत या सामुदायिक भूधृति या दोनों को सुरक्षित करते हैं अर्थात्:- वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन अधिकार.

(क) वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासियों के किसी सदस्य या किन्हीं सदस्यों द्वारा निवास के लिए या जीविका के लिए स्वयं खेती करने के लिए व्यक्तिगत या सामूहिक अधिभोग के अधीन वनभूमि को धारित करने और उसमें रहने का अधिकार,

(ख) निस्तार के रूप में सामुदायिक अधिकार चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, जिनके अंतर्गत तत्कालीन राजाओं के राज्यों, जमींदारों या ऐसे अन्य मध्यवर्ती शासनों में प्रयुक्त अधिकार भी सम्मिलित हैं,

(ग) गौण वन उत्पादों के, जिनका गांव की सीमा के भीतर या बाहर पारंपरिक रूप से संग्रह किया जाता रहा है स्वामित्व संग्रह करने के लिए पहुंच, उनका उपयोग और व्ययन का अधिकार रहा है,

(घ) बायावरी या चारागाही समुदायों की मत्स्य और जलाशयों के अन्य उत्पाद, चरागाह (स्थापित और घुमक्कड़) दोनों के उपयोग या उन पर हकदारी और पारंपरिक मौसमी संसाधनों तक पहुंच के अन्य सामुदायिक अधिकार,

(ङ) वे अधिकार, जिनके अंतर्गत आदिम जनजाति समूहों और कृषि पूर्व समुदायों के लिए
गृह और आवास की सामुदायिक भू-धृतिवां भी हैं,

(च) किसी ऐसे राज्य में जहां दावे विवादग्रस्त हैं, किसी नाम पद्धति के अधीन विवादित भूमि में या उस पर के अधिकार,

(छ) वन भूमि पर हक के लिए किसी स्थानीय प्राधिकरण या किसी राज्य सरकार द्वारा जारी पट्टों या धृतियों या अनुदानों के संपरिवर्तन के अधिकार,

(ज) वनों के सभी वन ग्रामों, पुराने आवासों, असर्वेक्षित ग्रामों और अन्य ग्रामों के बसने और संपरिवर्तन के अधिकार, चाहे वे राजस्व ग्रामों में लेखबद्ध हों, अधिसूचित हों अथवा नहीं,

(झ) ऐसे किसी सामुदायिक वन संसाधन का संरक्षण, पुनरुज्जीवित या संरक्षित या प्रबंध करने का अधिकार, जिसकी वे सतत उपयोग के लिए परंपरागत रूप से संरक्षा और संरक्षण कर रहे हैं,

(ञ) ऐसे अधिकार, जिनको किसी राज्य की विधि या किसी स्वशासी जिला परिषद या स्वशासी क्षेत्रीय परिषद की विधियों के अधीन मान्यता दी गई है या जिन्हें किसी राज्य की संबंधित जनजाति की किसी पारंपरिक या रुढ़िगत विधि के अधीन जनजातियों के अधिकारों के रूप में स्वीकार किया गया है,

(ट) जैव विविधता तक पहुंच का अधिकार और जैव विविधता तथा सांस्कृतिक विविधता से संबंधित बौद्धिक संपदा और पारंपरिक ज्ञान का सामुदायिक अधिकार,

(ठ) कोई ऐसा अन्य पारंपरिक अधिकार

जिसका, यथास्थिति, वन में निवास करनेवाली उन अनुसूचित जनजातियों या अन्य परंपरागत वन निवासियों द्वारा रुढ़िगत रूप से उपभोग किया जा रहा है, जो खंड (क) से खंड (ट) में वर्णित है, किंतु उनमें किसी प्रजाति के वन्य जीव का शिकार करने या उन्हें फंसाने या उनके शरीर का कोई भाग निकालने का परंपरागत अधिकार नहीं है,

(ड) यथावत पुनर्वास का अधिकार, जिसके अंतर्गत उन मामलों में आनुकल्पिक भूमि भी है जहां अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों को 13 दिसंबर, 2005 के पूर्व किसी भी प्रकार की वनभूमि से पुनर्वास के उनके वैध हक प्राप्त किये बिना अवैध रूप से बेदखल या विस्थापित किया गया हो.

1980 का 69

(2) वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में किसी बात के होते हुए भी, केंद्रीय सरकार, सरकार द्वारा व्यवस्थित निम्नलिखित सुविधाओं के लिए वन भूमि के परिवर्तन का उपबंध करेगी जिसके अंतर्गत प्रति हेक्टेयर पचहत्तर से अधिक पेड़ों का गिराया जाना भी है, अर्थात:–

(क) विद्यालय,
(ख) औषधालय या अस्पताल,
(ग) आंगनबाड़ी,
(घ) उचित कीमत की दुकानें,
(ङ) विद्युत और दूरसंचार लाइनें,
(च) टंकियां और अन्य लघु जलाशय,
(छ) पेयजल की आपूर्ति और जल पाइपलाइनें,
(ज) जल या वर्षा जल संचयन संरचनाएं,
(झ) लघु सिंचाई नहरें,
(ञ) अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत,
(ट) कौशल उन्नयन या व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र,

(ठ) सड़कें और

(ड) सामुदायिक केंद्र,

परंतु वन भूमि के ऐसे परिवर्तन को तभी अनुज्ञात किया जायेगा, जब–

(i) इस उपधारा में वर्णित प्रयोजनों के लिए परिवर्तित की जानेवाली वनभूमि ऐसे प्रत्येक मामले में एक हेक्टेयर से कम है, और

(ii) ऐसी विकासशील परियोजनाओं की अनापत्ति इस शर्त के अधीन रहते हुए होगी कि उसकी सिफारिश ग्राम सभा द्वारा की गई हो.

अध्याय–3

2003 का 18

वन अधिकारों की मान्यता, उनका पुनः स्थापन और निहित होना तथा संबंधित विषय

वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और परंपरागत वन निवासियों के वन अधिकारों की मान्यता और उनका निहित होना.

4. (1) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी और इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए, केंद्रीय सरकार,–

(क) ऐसे राज्यों या राज्यों के उन क्षेत्रों में वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजातियों के, जहां उन्हें धारा 3 में उल्लिखित सभी वन अधिकारों की बात अनुसूचित जनजातियों के रूप में घोषित किया गया है,

(ख) धारा 3 में उल्लिखित सभी वन अधिकारों की बाबत अन्य परंपरागत वन निवासियों के वनाधिकारों को,

मान्यता प्रदान करती है और उनमें निहित करती है.

(2) राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों के संकटग्रस्त वन्य जीव आवासों में इस अधिनियम के अधीन मान्यताप्राप्त वन अधिकारों को, पश्चातवर्ती रूप में उपांतरित या पुनः स्थापित किया जा सकेगा, परंतु किसी भी वन अधिकार धारक को पुनः स्थापित नहीं किया जायेगा या किसी भी रीति में उनके अधिकारों पर वन जीव संरक्षण के लिए अनतिक्रांत क्षेत्रों के सृजन के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित सभी शर्तों के पूरा करने की दशा में के सिवाय प्रभाव नहीं पड़ेगा, अर्थात्-

1972 का 53

(क) विचाराधीन सभी क्षेत्रों में धारा 6 में यथा विनिर्दिष्ट अधिकारों की मान्यता और निहित करने की प्रक्रिया पूरी हो.

(ख) राज्य सरकार के संबद्ध अधिकरणों द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह स्थापित किया गया है कि अधिकारों के धारकों की उपस्थिति के वन्य पशुओं पर क्रियाकलाप या प्रभाव अपरिवर्तनीय नुकसान करने के लिए पर्याप्त हैं और उक्त प्रजाति के अस्तित्व और उनके निवास के लिए खतरा है,

(ग) राज्य सरकार यह निष्कर्ष निकाल चुकी है कि सहअस्तित्व जैसे अन्य युक्तियुक्त विकल्प उपलब्ध नहीं है,

(घ) एक पुनर्व्यवस्थापन या अनुकल्पी पैकेज तैयार और संसूचित किया गया है जो प्रभावित

व्यष्टियों और समुदायों के लिए सुनिश्चित जीविका का उपबंध करता है और ऐसे प्रभावित व्यष्टियों और समुदायों की केंद्रीय सरकार की सुसंगत विधियों और नीति में दी गयी अपेक्षाओं को पूरा करने की व्यवस्था करता है,

(ङ) प्रस्तावित पुनर्व्यवस्थापन और पैकेज के लिए संबद्ध क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की स्वतंत्र सूचित सहमति लिखित में प्राप्त कर ली गयी है,

(च) कोई पुनर्व्यवस्थापन तभी होगा जब पुनर्वास अवस्थान पर सुविधाएं और भूमि आवंटन वायदा किये गये पैकेज के अनुसार पूरी की गयी हो

परंतु संकटग्रस्त वन्य जीव आवास, जिससे अधिकार धारकों को इस प्रकार वन्य जीव संरक्षण के प्रयोजनों के लिए पुनः स्थापित किया जाता है, पश्चात्वर्ती रूप से राज्य सरकार या केंद्रीय सरकार या किसी एक के द्वारा किसी अन्य उपयोगों के लिए अपवर्तित नहीं किया जायेगा.

(3) वन भूमि और उसके निवासियों की बाबत किसी राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के संबंध में वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों को, इस अधिनियम, के अधीन वन अधिकारों की मान्यता देना और उनका निहित किया जाना इस शर्त के अध्यधीन होगा कि ऐसी जनजातियों या जनजाति

समुदायों या अन्य परंपरागत वन निवासियों ने 13 दिसंबर, 2005 से पूर्व वन भूमि अधिभोग में ले ली थी.

(4) उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त कोई अधिकार वंशागत होगा किंतु संक्रमणीय या अंतरणीय नहीं होगा और विवाहित व्यक्तियों की दशा में पति-पत्नी दोनों के नाम में संयुक्त रूप से और यदि किसी घर का मुखिया एकल व्यक्ति है तो एकल मुखिया के नाम में रजिस्ट्रीकृत होगा तथा सीधे वारिस की अनुपस्थिति में वंशागत अधिकार अगले निकटतम संबंधी को चला जायेगा.

(5) जैसा अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, किसी वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजाति या अन्य परंपरागत वन निवासियों का कोई सदस्य उसके अधिभोगाधीन वन भूमि से तब तक बेदखल नहीं किया जायेगा या हटाया नहीं जायेगा जब तक कि मान्यता और सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है.

(6) जहां उपधारा (1) द्वारा मान्यताप्राप्त और निहित वन अधिकार धारा 3 की उपधारा (1) के खंड (क) में वर्णित भूमि के संबंध में हैं, जहां ऐसी भूमि इस अधिनियम के प्रारंभ की तारीख को किसी व्यष्टि या कुटुंब या समुदाय के अधिभोगाधीन होगी और ऐसी भूमि वास्तविक अधिभोग के अधीन क्षेत्र तक निर्बंधित होगी और किसी दशा में इसका क्षेत्र चार हेक्टेयर से अधिक का नहीं होगा.

(7) वन अधिकार, सभी विल्लंगमों और प्रक्रिया संबंधी अपेक्षाओं से मुक्त रूप में 1980 का 69

प्रदत्त किया जायेगा, जिसमें वन (संरक्षण)अधिनियम, 1980 के अधीन अनापत्ति इस अधिनियम में विनिर्दिष्ट के सिवाय वन भूमि में अपयोजन के लिए-"शुद्ध वर्तमान मूल्य" और प्रतिकात्मक वन रोपण का संदाय करने की अपेक्षा सम्मिलित है.

(8) इस अधिनियम के अधीन मान्यता प्राप्त और निहित वन अधिकारों में वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन भूमि अधिकार सम्मिलित होंगे जो यह साबित कर सकते हैं कि वे राज्य विकास हस्तक्षेप के कारण भूमि प्रतिकर के बिना उनके निवास और खेती से विस्थापित किये गये थे और जहां भूमि का उपयोग उक्त अर्जन से पांच वर्ष के भीतर उस प्रयोजन के लिए नहीं किया गया है, जिसके लिए वह अर्जित की गयी थी.

वन अधिकारों के धारकों के कर्त्तव्य

5. किसी वन्य अधिकार के धारक, उन क्षेत्रों में जहां इस अधिनियम के अधीन किन्हीं वन अधिकारों के धारक हैं, ग्राम सभा और ग्राम स्तर की संस्थाएं निम्नलिखित के लिए सशक्त हैं-

(क) वन्य जीव, वन और जैव विविधता का संरक्षण करना,

(ख) यह सुनिश्चित करना कि लगा हुआ जलागम क्षेत्र, जलस्रोत और अन्य पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र पर्याप्त रूप से संरक्षित हैं,

(ग) यह सुनिश्चित करना कि वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों का निवास किसी प्रकार के विनाशकारी व्यवहारों से संरक्षित है जो उनकी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को प्रभावित करती है,

(घ) यह सुनिश्चित करना कि सामुदायिक वन संसाधनों तक पहुंच को विनियमित करने और ऐसे किसी क्रियाकलाप को रोकने के लिए, जो वन्य जीव, वन और जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, ग्राम सभा में लिए गये विनिश्चयों का पालन किया जाता है.

अध्याय–4

वन अधिकारों को निहित करने के लिए प्राधिकारी और प्रक्रिया

वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन अधिकारों को निहित करने के लिए प्राधिकारी और उसकी प्रक्रिया

6. (1) ग्रामसभा को, ऐसी किसी व्यष्टिक या सामुदायिक वन्य अधिकारों या दोनों की प्रकृति और सीमा को अवधारित करने के लिए प्रक्रिया आरंभ करने का अधिकार होगा जो इस अधिनियम के अधीन इसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर वन में निवास करनेवाली और

सत्यापन तथा ऐसी रीति में, जो विहित की जाये, सिफारिश किये गये प्रत्येक दावे के क्षेत्र को अंकित करते हुए, मानचित्र तैयार करके दिये जा सकेंगे और तब ग्राम सभा उस आशय का संकल्प पारित करेगी तथा उसके पश्चात उसकी एक प्रति उपखंड स्तर की समिति को अग्रेषित करेगी.

(2) ग्राम सभा के संकल्प से व्यथित कोई व्यक्ति उपधारा (3) के अधीन गठित उपखंड स्तर की समिति को कोई याचिका दे सकेगा और उपखंड स्तर की समिति ऐसी याचिका पर विचार करेगी और उसका निपटारा करेगी:-

परंतु प्रत्येक ऐसी याचिका ग्राम सभा द्वारा संकल्प पारित करने की तारीख से साठ दिन के भीतर दी जायेगी :

परंतु यह और कि ऐसी याचिका का, व्यथित व्यक्तियों के विरुद्ध निपटारा तब तक नहीं किया जायेगा जब तक उन्हें अपने मामले को प्रस्तुत करने के लिए युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया गया हो.

2003 का 18

(3) राज्य सरकार, ग्राम सभा द्वारा पारित संकल्प की परीक्षा करने के लिए एक उपखंड स्तर की समिति का गठन करेगी और वन अधिकारों का अभिलेख तैयार करेगी तथा इसे उपखंड अधिकारों के माध्यम से अंतिम विनिश्चय के लिए जिला

स्तर की समिति को अग्रेषित करेगी.

(4) उपखंड स्तर की समिति के विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति, उपखंड स्तर की समिति के विनिश्चय की तारीख से 60 दिन के भीतर जिला स्तर की समिति को कोई याचिका दे सकेगा और जिला स्तर की समिति ऐसी याचिका पर विचार करेगी और उसका निपटारा करेगी:

परंतु ग्राम सभा के संकल्प के विरुद्ध कोई याचिका जिला स्तर की समिति के समक्ष सीधे तब तक नहीं दी जावेगी जब तक वह पहले उपखंड स्तर की समिति के समक्ष न दी गयी हो और उसके द्वारा उस पर विचार न कर लिया गया हो:

परंतु यह और कि याचिका का, व्यथित व्यक्तियों के विरुद्ध निपटारा तब तक नहीं किया जायेगा जब तक उन्हें अपने मामले को प्रस्तुत करने के लिए युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया गया हो.

(5) राज्य सरकार, उपखंड स्तर की समिति द्वारा तैयार किये गये वन अधिकारों के अभिलेख पर विचार करने और उनका अंतिम रूप से अनुमोदन करने के लिए एक जिलास्तर की समिति का गठन करेगी.

(6) वन अधिकारों के अभिलेख पर जिला स्तर की समिति का विनिश्चय अंतिम और आबद्धकर होगा.

(7) राज्य सरकार, वन अधिकारों को मान्यता देने और उन्हें निहित करने की प्रक्रिया को मानीटर करने और ऐसी विवरणियों और रिपोर्टों को, जो उस अभिकरण द्वारा मांगी

जायें, नोडल अभिकरण को प्रस्तुत करने के लिए एक राज्य स्तर की मॉनीटरी समिति का गठन करेगी.

(8) उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मॉनीटरी समिति में राज्य सरकार के राजस्व विभाग, वन विभाग और जनजातीय मामले विभाग के अधिकारी और समुचित स्तर पर पंचायतीराज संस्थाओं के तीन सदस्य होंगे, जिन्हें संबंधित पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा नियुक्त किया जायेगा, जिनमें से दो सदस्य अनुसूचित जनजातियों के होंगे और कम से कम एक महिला होगी, जैसा विहित किया जाये.

(9) उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मानीटरी समिति की संरचना और कृत्य तथा उनके द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन में अनुसरित की जानेवाली प्रकिया वह होगी, जो विहित की जाये.

अध्याय–5
अपराध और शास्तियां

इस अधिनियम के अधीन प्राधिकरणों और समितियों द्वारा अपराध.

7. जहां कोई प्राधिकरण या समिति या ऐसे प्राधिकरण या समिति का कोई अधिकारी या सदस्य इस अधिनियम या उसके अधीन वन अधिकारों की मान्यता से संबंधित बनाये गये किसी नियम के किन्हीं उपबंधों का उल्लंघन करेगा तो वह या वे इस अधिनियम

के अधीन अपराध के दोषी समझे जायेंगे और उनके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने और जुर्माने से, जो एक हजार रुपये तक का हो सकेगा, दंडित किये जाने के भागी होंगे :

परंतु इस उपधारा की कोई भी बात इस धारा में निर्दिष्ट प्राधिकरण या समिति के किसी सदस्य या विभागाध्यक्ष या किसी व्यक्ति को दंड का भागी नहीं बनायेगी, यदि वह यह साबित कर देता है कि अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया था या उसने ऐसे अपराध के किये जाने का निवारण करने के लिए सब सम्यक तत्परता बरती थी.

अपराधों का संज्ञान

8. कोई भी न्यायालय इस अधिनियम की धारा 7 के अधीन किसी अपराध का तब तक संज्ञान नहीं लेगा जब तक कि कोई वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजाति, किसी ग्राम सभा के संकल्प से संबंधित किसी विवाद के मामले में या किसी उच्च प्राधिकारी के विरुद्ध किसी संकल्प के माध्यम से

ग्राम सभा, राज्य स्तर की मॉनीटरी समिति को साठ दिन से अन्यून की सूचना नहीं दे देती है और राज्य स्तर की मॉनीटरी समिति ने ऐसे प्राधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही न कर ली हो.

अध्याय–6

प्रकीर्ण

प्राधिकरण, आदि के सदस्यों का लोक सेवक होना

9. अध्याय 4 में निर्दिष्ट प्राधिकरणों का प्रत्येक सदस्य और इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करनेवाला प्रत्येक अन्य अधिकारी भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अर्थांतर्गत लोक सेवक समझे जायेंगे. 1960 का 45

सदभावपूर्वक की गयी कार्रवाई के लिए संरक्षण

10. (1) इस अधिनियम के अधीन सदभावपूर्वक की गयी या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नहीं होगी.

(2) इस अधिनियम के अधीन सदभावपूर्वक की गयी या की जाने के लिए आशयित किसी बात से हुए या हो सकनेवाले किसी नुकसान के लिए कोई भी वाद या अन्य विधिक कार्यवाही केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या उसके किसी अधिकारी या अन्य कर्मचारी के विरुद्ध नहीं होगी.

(3) इस अधिनियम के अधीन सदभावपूर्वक की गयी या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद या अन्य विधिक कार्यवाही अध्याय 4 में यथानिर्दिष्ट किसी प्राधिकरण, जिसके अंतर्गत उसका अध्यक्ष, उसके सदस्य, सदस्य सचिव, अधिकारी और अन्य कर्मचारी भी हैं, के विरुद्ध नहीं होगी.

केंद्रीय सरकार की निदेश जारी करने की शक्ति,

11. जनजाति मामलों से संबंधित भारत सरकार का मंत्रालय या केंद्रीय सरकार द्वारा इस निमित प्राधिकृत कोई अधिकारी या प्राधिकारी इस अधिनियम के उपबंधों के कार्यान्वयन के लिए नोडल अभिकरण होगा.

अधिनियम का किसी अन्य विधि के अल्पीकरण में न होना

12. अध्याय 4 में निर्दिष्ट प्रत्येक प्राधिकारी इस

अधिनियम द्वारा या उसके अधीन अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में, ऐसे साधारण या विशेष निदेशों के अध्यधीन होगा जो केंद्रीय सरकार, समय-समय पर लिखित में दे.

13. इस अधिनियम और पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार)अधिनियम, 1996 में अन्यथा उपबंधित के सिवाय इस अधिनियम के उपबंध तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके अल्पीकरण में.

1996 का 40

नियम बनाने की

14. (1) केंद्रीय सरकार, इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए अधिसूचना द्वारा और पूर्व प्रकाशन की शर्त के अधीन रहते हुए नियम बना सकेगी.

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबंध कर सकेंगे, अर्थात:

(क) धारा 6 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिए प्रक्रिया संबंधी ब्यौरे,

(ख) धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन दावों को प्राप्त करने, उन्हें समेकित करने और उनका सत्यापन करने तथा वन अधिकारों के प्रयोग के लिए सिफारिश किये गये प्रत्येक दावे का क्षेत्र अंकित करते हुए मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया और उस धारा की उपधारा, (2) के अधीन उपखंड समिति को याचिका देने की रीति,

(ग) धारा 6 की उपधारा (8) के अधीन उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मानीटरी समिति के सदस्यों के रूप में नियुक्त किये जानेवाले राज्य सरकार के राजस्व विभाग, वन विभाग और जनजाति मामले विभाग के अधिकारियों का स्तर,

(घ) धारा 6 की उपधारा (9) के अधीन उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मानीटरी समिति की संरचना और उसके कृत्य तथा उनके द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन में अपनायी जानेवाली प्रक्रिया.

2003 का 18

(ङ) कोई अन्य विषय, जो विहित किया जाना अपेक्षित है या विहित किया जाये.

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाये जाने के पश्चात यथाशीघ्र, संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जायेगा. यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जायें कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात वह नियम, यथास्थिति, केवल ऐसे उपांतरित रूप में प्रभावी होगा या निष्प्रभाव हो जायेगा, तथापि, ऐसे किसी परिवर्तन या निष्प्रभाव होने से उस नियम के अधीन पहले की गयी किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा.

साभार : वन अधिकार कानून 2006 एक मार्गदर्शिका

जेरोम जेराल्ड कुजूर

लातेहार जिला अन्तर्गत महुआडाड़ प्रखंड के पेटमाडीह (खजूरला) गाँव में जन्म।

प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा- सत जोसेफ विद्यालय महुआडाड़, जिला- लातेहार, झारखंड।

स्नातक - सत जेवियर महाविद्यालय राँची, झारखंड

अध्यक्ष - पलामू छात्र संघ 1992–95

युवा प्रतिनिधि - पायलट प्रोजेक्ट नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज विरोधी जनसंघर्ष समिति, 1993–2000

समन्वय सदस्य - मूवमेंट अगेंस्ट डिसप्लेसमेंट, 1993–2000

सलाहकार - संयुक्त छात्र संघ, 1995–2000

सहायक संपादक - जनहक (हिंदी)पत्रिका, 1995– 2000

संपादक - हरी घाटी(हिंदी) 2001–03

संपादक - जनपथ (हिंदी), 2004–2005

राष्ट्रीय मीडिया फेलोशिप अवार्ड (भारतीय प्रतिष्ठान, नई दिल्ली) 2003–2004

सयोजक मंडल सदस्य - झारखंड इंडिजिनस पीपुल्स फोरम 2006 से अब तक